भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

13.12.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1717 का उत्तर

इस्पात की आवश्यकता

1717. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:

श्री संजय जाधव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2022-23 के लिए रेलवे हेतु आवश्यक इस्पात की मात्रा कितनी है;

(ख) क्या रेलवे की इस्पात संबंधी मांग 'सेल' द्वारा पूरी कर दी गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रेलवे ने वर्तमान वर्ष हेतु इस्पात का प्रापण कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनी/स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उक्त मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त इस्पात के आयात की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या इस संबंध में रेलवे द्वारा कोई प्रयास किए गए हैं; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्ष 2022-23 के लिए रेलवे की इस्पात आवश्यकता 13.05 लाख मीट्रिक टन थी और चालू वर्ष के लिए लगभग 15 लाख मीट्रिक टन है। रेल की संपूर्ण आवश्यकता को मैसर्स सेल द्वारा पूरा किया जाता है जबकि अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किए जाने वाले इस्पात को भारत सरकार की सार्वजनिक प्रापण नीति के अनुसार खुली निविदा के माध्यम से स्वदेशी स्रोतों से खरीदा जा रहा है।

(ङ): जी, नहीं।

(च) और (छ): प्रश्न ही नहीं उठता।

****